श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केंद्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली -16

Ref. No. F.11(19)Computer Cleaning/LBS/CC/....

दिनांक-12.04.2024

सभी विक्रेता,
नई दिल्ली

विषय:- इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की साफ-सफाई के लिए निविदा।

महोदय,

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविध्यालय के विभिन्न विभागों में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं यानी डेस्कटॉप, प्रिंटर इत्यादि की साफ-सफाई के लिए मासिक आधार पर निम्नलिखित नियमों और शर्तों के साथ मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय : 26-04-2024 साँय: 04 बजे तक
2. निविदा खोलने की तारीख और समय: 29-04-2024 अप्राह्न 3.00 बजे

नियम और शर्तें :-

1. मूल्य निर्धारित प्रारूप में मासिक आधार पर उद्धृत किया जाना चाहिए। उद्धृत मूल्य भारतीय रुपये में होना चाहिए और इसमें सभी कर शामिल होने चाहिए।
2. इलेक्ट्रॉनिक उपकरणो में ब्लोअर का उचित उपयोग करके अच्छी गुणवत्ता के रसायन से साफ करना चाहिए। सफाई की लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रसायन से ईलेक्ट्रोनिक उपकरणों को कोई नुकसान नहीं पहुँचना चाहिए।
3. भुगतान प्रत्येक विभाग/उपयोगकर्ता से संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मासिक आधार पर जारी किया जाएगा।
4. अनुबंध की अवधि प्रारंभ में कार्य आदेश जारी होने की तिथि से 02(दो) वर्ष के लिए होगी। मौजूदा नियमों और शर्तों पर विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से अनुबंध की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकती है।
5. विश्वविद्यालय को बिना कोई कारण बताए किसी भी समय अनुबंध रद्द करने का अधिकार होगा।
6. चयनित एजेंसी/फर्म को कुल अनुबंद राशि की 5% Performance Security 26 महिने के लिए बैंक गारंटी, सावधि जमा रसीद (FDR), डिमांड ड्राफ्ट या किसी अन्य मान्य दस्तावेज़ में जमा करानी होगी।

आपसे अनुरोध है कि आप अपना सीलबंद निविदा संगणक केंद्र में सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविध्यालय, बी-4, कुतुब, संस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016 को संबोधित करते हुए जमा करें। निविदा वाले लिफाफे पर "इलेक्ट्रॉनिक उपकरणो की सफाई के लिए निविदा" अंकित होना चाहिए। विश्वविद्यालय बिना कोई कारण बताए सभी कोटेशन रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

कुलसचिव (प्रभारी)

दर उद्धरण हेतु प्रपत्र

कार्य का नाम: मासिक आधार पर इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की साफ-सफाई

क्र. सं.	इलेक्ट्रॉनिक उपकरण	मात्रा	इकाई मूल्य (रू)	कुल राशि (रू)
1.	डेस्कटॉप / कंप्यूटर सेट	250		
2.	थिन क्लाइंट सेट	95		
3.	लैपटॉप	10		
4.	प्रिंटर	90		
5.	फोटो कापियर मशीन	16		
6.	टेलीफोन	100		
7.	टीवी / इंटरैक्टिव पैनल	20		
कुल राशि (सभी कर सहित)				
राशि शब्दों में				

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

(हस्ताक्षर मोहर सहित)

नोट : विक्रताओ को निविदा कंपनी के लेटर हेड पर जमा करवाना होगा।